तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 15 नवंबर 2024


10 विधायक ने पल्ली केंद्र में पूजा-अर्चना कर धान ...



10 ब्लॉक स्तरीय स्पर्धा का अवलोकन कर खिलाड़ियों ...





## खबर संक्षेप

### फुटबॉलर की कोहनी की हड्डी खिसकी, मिला तत्काल उपचार



**बकावंड।** बस्तर ओलंपिक के तहत बकावंड ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता के दौरान फुटबॉल मैच में खेल रहे 20 वर्षीय फुटबॉलर सोमनाथ पिता लखमू को खेलने के दौरान गंभीर चोट आई है। उसके बाएं हाथ की कोहनी की हड्डी खिसक गई है। सोमनाथ को तुरंत बकावंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। परंतु बकावंड अस्पताल में पर्याप्त सुविधा एवं इलाज न मिल पाने के कारण उसे ज़िला चिकित्सालय जगदलपुर रेफर किया गया। वहां आपातक़ालीन सेवा देने के लिए सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद जानकारी शेष पेज 8 पर

# झीरम हमले में शामिल 20 लाख की इनामी नक्सली मंजुला उर्फ निर्मला ने किया समर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कुख्यात नक्सली लीडर कोडी कुमार स्वामी उर्फ आनंद तथा कोडी वेंकन्ना उर्फ गोपन्ना की बहन मंजुला उर्फ निर्मला 46 वर्ष ने गुरूवार को पड़ोसी राज्य तेलगांना के वारंगल में पुलिस आयुक्त के समक्ष समर्पण कर दिया। समर्पित नक्सली कमाण्डर पर 20 लाख का ईनाम घोषित था, जिसका चेक उसे वारगंल पुलिस आयुक्त ने समर्पण के दौरान प्रदान किया गया।

वारगंल पुलिस आयुक्त अंबर किशोर झा ने जानकारी देते हुए बताया कि दंडकारण्य विशेष क्षेत्रीय समिति व दक्षिण उप क्षेत्रीय ब्यूरो की मेंबर कोड़ी मंजुला उर्फ निर्मला ने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो गई है। मंजुला उर्फ निर्मला मुठभेड़ में मारे गए माओवादी लीडर कोड़ी कुमार स्वामी उर्फ आनंद और कोड़ी शेष पेज 8 पर




### जेल से रिहा होने के बाद पुनः सगंठन में शामिल

*पुलिस आयुक्त ने बताया कि वर्ष 2004 में जेल से रिहा होने के बाद कोडी मंजुला फिर से पीपुल्स वार समूह में शामिल हो गई और महादेवपुर बल के सदस्य के रूप में कार्यभार संभाला। वर्ष 2005 में सिरोंचा, महादेवपुर, चेरयाला, महाराष्ट्र के डिप्टी कमांडर के रूप में काम किया। वर्ष 2007 में कोडी मंजुला मनुगुरु बल कमांडर के रूप में काम कर रही थी ने माओवादी पार्टी के नेतृत्व में दंडकारुण्य विशेष जोनल कमेटी के तहत एरिया सचिव और 2011 तक मेडिकल टीम के प्रभारी के रूप में काम किया। 2012 में उसने दरभा डिवीजनल कमेटी के सदस्य के रूप में काम किया और पार्टी नेतृत्व के निदेशानुसार 2017 में बस्तर डिवीजनल कमेटी के सदस्य के रूप में स्थानांतरित हुईं। वर्ष 2022 में कोडीमंजुला ने विशेष क्षेत्रीय समिति के सदस्य के रूप में कार्यभार संभाला।*

### इन पदों पर किया काम

वारगंल पुलिस आयुक्त ने बताया कि खानपुर मंडल वारंगल जिला निवासी कोडी मंजुला उर्फ निर्मला तत्कालीन पीपुल्स वार फोर्स की समर्थक थी, जबकि उनके बड़े भाई कोडी कुमार स्वामी उर्फ आनंद और उनके चचेरे भाई कोडी वेंकन्ना उर्फ गोपन्ना नरसंपेट बल कमांडर के रूप में काम करते थे। गोलीबारी में दोनों की मौत हो चुकी है। दोनों के मौत के बाद पीपुल्स वार ग्रुप की विचारधारा से प्रभावित कोडी मंजुला ने दसवीं कक्षा में पढ़ रही थी उसने बीच में ही अपनी पढ़ाई छोड़ दी और जनवरी 1994 में भाकपा (माले) पीपुल्स वार ग्रुप नरसंपेटा दल में शामिल हो गई। इसके बाद वर्ष वहं 1996 में चेरयाला दल में काम कर रही थी। सगंठन में रहने के दौरान उसने वर्ष 1999 में नरसंपेटा दल कमांडर पेरम बुचैया उर्फ सुरेंदर से शादी कर ली। इसी दौरान कोडी मंजुला के पति सुरेंदर ने क्षेत्र समिति सदस्य के रूप में कार्यभार संभालने के बाद 2000 में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। कोडी मंजुला ने वर्ष 2001 में माचरला एसोबू उर्फ जगन के अधीन प्रेस टीम सुरक्षा प्लाटून में एक वर्ष तक काम किया। वर्ष 2002 में महादेवपुर के डिप्टी फोर्स कमांडर के रूप में कार्य किया। इसी वर्ष डिवीजनल कमेटी सदस्य कुकती वेंकटती उर्फ रमेश से विवाह किया। 24 दिसंबर 2002 को कोडी मंजू, जो बल के एक अन्य सदस्य कलसी के साथ भूपालपल्ली क्षेत्र में आई थी को भूपालपल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# गीदम के वार्ड 12 में 2 घर के कुएं से निकला पेट्रोल, मचा हड़कंप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

गीदम के वार्ड नं 12 में बुधवार शाम उस वक्त वार्डवासियों में हड़कंप मच गया, जब यहां दो घर के कुएं से पानी की जगह पेट्रोल निकलने लगा। इसका पता तब चला जब कुएं से पेट्रोल की बहुत गंध आने लगी। नगर के वार्ड 12 स्थित भोलू जैन ने अपने घर के कुएं से पानी निकाला तो पेट्रोल निकला जिसे देखकर सब हैरान रह गए । इधर ठीक बगल में ही एक और घर के कुएं में पेट्रोल आने लगा। यह खबर फैलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और लोगों की शेष पेज 8 पर


## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124


## बच्चों की प्रस्तुति ने मोहा मन

**जगदलपुर।** बाल दिवस के उपलक्ष्य में आज धरमपुरा स्थित महात्मा गांधी महिला एवं बाल कल्याण संस्थान में आयोजित बाल दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव शामिल हुये। बाल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में महात्मा गांधी बालिका आश्रम में छोटे छोटे बच्चों ने आकर्षक और मनमोहक प्रस्तुति दी। छोटे बच्चों ने डांस ,फैंसी ड्रेस , कविता एवं अन्य प्रस्तुति दी। अतिथियों ने बच्चों के सार्थक प्रयास की काफी सराहना की।आयोजित कार्यक्रम में मुख्य



अतिथि किरण देव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जंयती पर बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। बाल दिवस की सभी बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं, महात्मा गांधी महिला एवं बाल कल्याण संस्थान 1975 से लगातार संचालित है। संस्थान में लगातार शेष पेज 8 पर

## स्टील परिवहन में आएगी तेजी

**जगदलपुर।** नगरनार एनएमडीसी स्टील प्लांट में दो दिन पहले रेलवे साइडिंग पर मालगाड़ी परिवहन की शुरू कर दिया। इस पहल से एनएमडीसी स्टील प्लांट और रेलवे सयुंक्त रूप से स्टील परिवहन के लिए से काम स्टील प्लांट के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इसकी शुरुवात करने विशाखापतनम रेल मंडल मुख्यालय से रेल प्रबंधक डीआरएम सौरभ प्रसाद नगरनार पहुंचे थे। उनके अगुवाई में बुधवार 13 नवम्बर को कोट्टावलसा किरंदुल (केके) लाइन में जगदलपुर के पास राष्ट्रीय खनिज विकास निगम



(एनएमडीसी) स्टील लिमिटेड की नगरनार रेलवे साइडिंग पर मालगाड़ी की आवाजाही के लिए इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन शुरू किया गया। ओवरहेड 25 केवी एसी बिजली की आपूर्ति और सब सेक्शनिंग और पैरेललिंग पोस्ट को पूर्व तट रेलवे के डीआरएम सौरभ प्रसाद और एनएमडीसी शेष पेज 8 पर

## हनुमान चालीसा पाठ स्पर्धा कल

**जगदलपुर।** जगन्नाथ मंदिर में एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। जिसमे बच्चो 16 नवम्बर को मावलीमाता मंदिर परिसर पर बच्चों के लिए विशेष सामूहिक प्रतियोगिता हनुमान चालीसा पाठ का आयोजित की जाएगी। दो वर्गों कनिष्ठ उम्र 5 से 15 वर्ष, वरिष्ठ उम्र 16-22 वर्ष के बालक-बालिकाओं के लिए होंगी। जिसमे संख्या न्यूनतन 8 और अधिकतम प्रतिभागियों की संख्या 12 होगी। आयोजन के संयोजक डा. मनोज पाणिग्राही ने बताया की प्रतियोगिता की प्रेरणा शहर मे 32 मंदिरो मे हनुमान चालीसा का पाठ



संचालन करने से श्रद्धालुओं से मिली। यह आयोजन प्रथम बार छत्तीसगढ़ में जगदलपुर नगर के सनातनियो के नेतृत्व में हो रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं के आदर्श श्रीहनुमान जी जैसे सर्व गुणगान, शक्तिमान देवता होने चाहिए। अधिकतम 20 टीमों के साथ यह शेष पेज 8 पर




## खबर संक्षेप

### धनौरा में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हुई शुरू



**धनौरा।** ब्लॉक केशकाल व तहसील थाना धनोरा लैंप्स में आज से किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू की गई। भाजपा नेताओं की उपस्थिति में धान खरीदी की शुरुआत हुई। इस दौरान भाजपा नेता श्रवण दीपक, धरम सिंह राणा, सन्तोष उइके व अन्य भाजपाई उपस्थित रहे।

### विकासखंड स्तरीय बस्तर ओलम्पिक स्पर्धा का समापन



**फरसगांव।** नगर के आदर्श स्कूल खेल मैदान में आयोजित विकासखंड स्तरीय बस्तर ओलम्पिक प्रतियोगिता का गुरुवार को फाइनल मैच के बाद समापन किया गया। 6 दिनों तक चली प्रतियोगिता में क्षेत्र के जूनियर और सीनियर खिलाड़ियों ने अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दमखम दिखाया। सभी खेलों के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार का वितरण किया गया। प्रतियोगिता ने 1267 महिला और 1503 पुरुष सहित कुल 2270 लोगों ने भाग लिया। सभी खिलाड़ियों के लिए रस्साखींच, खो-खो, कबड्डी, बॉलीबोल, फुटबॉल,भाला फेंक, गोलाफेंक, तावा फेंक, तीरंदाजी, दौड़ , ऊची कूद, लंबी कूद, बैडमिंटन समेत कई खेलों का आयोजन किया गया था।

बाल दिवस: स्कूलों व संस्थानों में हुए विविध आयोजन

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव/केशकाल



बाल दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोहकामेटा में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। तालुका विधिक सेवा समिति केशकाल और चलित थाना केशकाल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में छात्र- छात्राओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश उत्तरा कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में श्रीमती अंजलि पाण्डेय, न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं तालुक विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष, गायत्री साय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव ने विधिक सेवाओं और बाल अधिकारों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। अधिवक्ता श्रीमती मनीषा तिवारी ने बाल अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बच्चों का स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा और विकास का अधिकार जन्मसिद्ध है, जो उनके व्यक्तित्व और मानसिक क्षमता के विकास में सहायक है। थाना प्रभारी विकास बघेल ने बाल दिवस पर बच्चों को चॉकलेट वितरित की और साइबर अपराध से बचाव के लिए महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने विद्यार्थियों को अनजान नंबरों से आए वीडियो कॉल को तुरंत रिसीव न करने की सलाह दी, ताकि उनकी तस्वीर का दुरुपयोग न हो सके। यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया। घर पर परिजनों को नशे में वाहन न चलाने और यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करने बच्चों से कहा। कार्यक्रम में नशे के दुष्प्रभावों पर भी चर्चा की गई। विद्यार्थियों को परिवार और समाज में नशामुक्त जीवन का संदेश फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोहकामेटा के प्राचार्या, शिक्षकगण, अनिल कुमार मंडावी, विधिक सेवा समिति और पुलिस विभाग के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बच्चों ने फैंसी ड्रेस पहनकर मनाया बाल दिवस



**फरसगांव।** बालदिवस 14 नवम्बर को फरसगांव ब्लाक के मदर टेरेसा स्कूल बोरगांव में बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने रंगबिरंगे कपड़ो में अपनी प्रस्तुति दी। इस दौरान बच्चे काफी खुश व उत्साहित नजर आए। स्कूल के प्रिंसिपल सीबी कुन्नेल ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को बताया कि उनको बच्चों से बहुत लगाव था। जिसके कारण उनके जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। नेहरूजी को बच्चों द्वारा प्रेम से चाचा नेहरु कहकर बुलाया जाता था। उनका मानना था कि बच्चे अपने जोश और ज्ञान से विश्वभर में नाम कमाएंगे और सफलता प्राप्त करेंगे।



## कांग्रेसियों ने चाचा नेहरू की 134वीं जयंती मनाई

**कोण्डागांव।** देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर आज कांग्रेसियों ने स्थानीय कांग्रेस भवन में एकत्रित होकर उन्हें याद किया। नेहरू जी ने स्वतंत्रता आंदोलन में केंद्रीय भूमिका निभाई और महात्मा गांधी के संरक्षण में भारत को आजादी दिलाने के संघर्ष का नेतृत्व किया। आजादी के बाद, उन्होंने देश के पहले प्रधानमंत्री के रूप में 17 वर्षों तक देश की सेवा की। कांग्रेस भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष झुमुकलाल दीवान, प्रदेश कांग्रेस संयुक्त महामंत्री कैलाश पोयाम, जिला महामंत्री गीतेश गांधी और रितेश पटेल, शहर कांग्रेस अध्यक्ष तरुण गोलछा, महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव तबस्सुम बानो, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष हेमा देवांगन, श्याम सिंह, देवेंद्र कोर्राम, प्रवीण मिश्रा, उमेश साहू, रामलाल बाज सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे। सभी ने नेहरू जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके आदर्शों को याद। इस अवसर पर वक्ताओं ने पंडित नेहरू के योगदान और उनकी दूरदर्शिता को याद करते हुए उन्हें आधुनिक भारत का निर्माता बताया। उनके द्वारा स्थापित संस्थानों और उनकी प्रगतिशील नीतियों को कांग्रेसजनों ने प्रेरणा के रूप में स्वीकार किया।

## अनंतपुर पुलिस ने बच्चों को दी कानून और समाज से संबंधित जानकारियां

**कोण्डागांव।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनंतपुर थाना पुलिस ने समाज तथा कानून की जानकारी देकर प्रोत्साहित किया। पुलिस अधिकारियों ने बच्चों को लगन से पढ़ाई करने और अच्छे कार्योंमें संलग्न रहने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम की शुरुआत देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ की गई। थाना प्रभारी अखिलेश धीवर ने बच्चों को बाल दिवस के महत्व को समझाते हुए कहा कि देश का भविष्य बच्चों के हाथों में है। उन्हें अपराध तथा अपराधों की रोकथाम के प्रति हमेशा जागरूक रहना चाहिए। थाना प्रभारी ने बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट पहनने के महत्व, साइबर क्राइम, एटीएम फ्रॉड, पाक्सो एक्ट, चिटफंड के प्रति सतर्कता, और अभिव्यक्ति एप के उपयोग की जानकारी दी। साथ ही, उन्होंने बच्चों को अपराधों से बचने और अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करने की सलाह दी। उन्होंने अपना मोबाइल नंबर साझा करते हुए किसी भी प्रकार की समस्या या सूचना देने के लिए बच्चों से संपर्क करने की अपील की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों से सवाल–जवाब का सत्र भी आयोजित किया गया। सही उत्तर देने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। साथ ही, सभी विद्यार्थियों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बिस्किट के पैकेट वितरित किए गए। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य दिलीप कोमरे, शिक्षकगण, ग्रामीणजन और थाना के अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे। इस अनोखे कार्यक्रम ने बच्चों को न केवल शिक्षा और जागरुकता का संदेश दिया, बल्कि उन्हें अच्छे नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित भी किया।






## मड़ानार स्कूल में न्योता भोज व हुए कार्यक्रम

**कोण्डागांव।** देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की जयंती के अवसर पर शासकीय उच्च प्राथमिक शाला मड़ानार में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बाल सांसद, स्काउट के बच्चे और प्रभारी शिक्षक शिवचरण साहू की अगुवाई में अनेक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। कार्यक्रम की शुरुआत पं. नेहरू के चित्र पर विजय तिलक और पुष्पमाला अर्पित की गई। इस दौरान स्काउट संस्था की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती आरती बेर ने बच्चों को पं. नेहरू की जीवनी और उनके योगदान के बारे में बताया। शिक्षिका रंजीता तिग्गा के मार्गदर्शन में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें दिव्यांग बालिका कु. पिंकी का नृत्य विशेष रूप से आकर्षक रहा। बच्चों ने कविता, भाषण और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को सुंदर बनाया। प्रधानमंत्री पोषण प्रभारी ललिता समरथ की योजनानुसार शिक्षिकाओं के सहयोग से बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार प्रदान किए गए।

## दंतेवाड़ा को हराकर चेन्नई पुलिस की टीम ने फायनल में बनाई जगह

**जगदलपुर।** जिला फुटबॉल संघ के तत्वाधान में आयोजित 11 दिवसीय अखिल भारतीय फुटबॉल स्पर्धा के आठवें दिन खेले गए पहले क्वार्टर फायनल मुकाबले में स्पोर्टस क्लब कोटपाड़ को हराकर केरल की टीम सेमीफायनल में जगह बनाई वहीं दूसरे सेमीफायनल मुकाबले में दंतेवाड़ा को हराकर चेन्नई पुलिस की टीम ने फायनल में जगह बनाया।

शुक्रवार को खेले गए दूसरे सेमीफायनल मुकाबला में जीतने वाली टीम के साथ चेन्नई पुलिस का मुकाबला होगा। गुरूवार को पहला मुकाबला स्पोर्टस क्लब विरूध इलेक्ट्रिसिटी केरल के मध्य खेला गया। यह मुकाबला एकतरफा साबित हुआ। केएसइबी केरल की ओर से जर्सी नम्बर 9 सरफराज ने मैच के 7 वें मिनट में अपनी टीम के लिए पहला गोल किया। इसके बाद मैच के 53 वें व 57 वें मिनट में जर्सी नम्बर 20 इलदोश ने दो गोल, जर्सी नम्बर 10 विकनेश ने मैच के 65 वें मिनट तथा जर्सी नम्बर 19 निशोन ने मैच के 70 वें मिनट में अपनी टीम के लिए पांचवा गोल किया। इसके जवाब में एससी कोटपाड़ की टीम निर्धारित समय तक कोई गोल नहीं कर सकी। इस मैच में मुख्य निर्णायक विजय आनंद के अलावा विशाल प्रजापति, प्रफुल्ल कुमार व दीपक डहरिया रहे। स्पर्धा का दूसरा सेमी फायनल मुकाबला दंतेवाड़ा विरूध चेन्नई पुलिस के मध्य खेला गया।



# अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम चार घंटे तक इंतजार कर बैरंग लौटी

**जगदलपुर।** शहर के खड़कघाट में उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कार्य किया जा रहा है। पुल में लगभग 18 अतिक्रमणों को हटाने के लिए लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण की ओर से राजस्व विभाग पत्र भेजा गया था। इस पर राजस्व विभाग के नायब तहसीलदार, आरआई, पुलिस बल के साथ गुरुवार की सुबह लगभग 11 बजे स्थल में अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंचे। संबंधित ठेकेदार की ओर से अतिक्रमण हटाने जेसीबी दोपहर 3 बजे तक नहीं पहुंचाया, जिसके चलते अतिक्रमण की टीम 4 घंटे तक इंतजार कर बैरंग वापस चली गई। इससे राजस्व विभाग, पुलिस बल को आक्रोश दिखा, क्योंकि जेसीबी का इंतजार से परेशान रहे। विदित हो कि पुल के दोनों ओर 1100 मीटर लंबा सर्विस रोड का भी निर्माण कार्य किया जाना है। दोनों ओर से एक ओर सर्विस रोड पूर्ण हो गई है। अतिक्रमण के चलते मुक्तिधाम ओर की सर्विस रोड अब तक शुरू नहीं हो सकी। साथ ही इस पर 18 अतिक्रमणकारियों को लगभग 57 लाख का मुआवजा देने की तैयारी की जा रही है। इसके अलावा वन विभाग ने इस पुल में चिन्हित 41 पेड़ों की कटाई के लिए सेतु निर्माण को डिमांड नोट दिया, जिसका भुगतान सेतु निर्माण ने किया गया पर चिन्हित पेड़ों की कटाई नहीं हो सकी।



### अतिक्रमण शीघ्र हटेगा

*सेतु निर्माण संभाग जगदलपुर के एसडीओ श्रीनिवास कोराम ने बताया कि ठेकेदार की मनमानी से गुरुवार को अतिक्रमण नहीं हट सका। दुबारा अतिक्रमण शीघ्र हटाया जाएगा।*

**न्यायालय नजूल अधिकारी कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.-202411201500012/अ-6/2024-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती नीलम ओस्तवाल पति जितेन्द्र कुमार ओस्तवाल उम्र 45 वर्ष जाति कायस्थ निवासी मेन रोड मरारपारा कोण्डागांव, तहसील व जिला कोण्डागांव (छ.ग.) के द्वारा नगर कोण्डागांव के मोहल्ला - तहसीलपारा कोण्डागांव में स्थित भूमि शीट नंबर 02 भूखण्ड क्रमांक 574/1ख क्षेत्रफल 500 वर्गफुट भूमि आवासीय मकान नजूल संधारण खसरा 1. श्रीमती नीलम पिता स्व. मेनन श्रीवास्तव 2. कामिनी पिता स्व. मेनन श्रीवास्तव जाति कायस्थ के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूखण्ड में से क्षेत्रफल 309 वर्गफीट भूमि पर एसबेस्ट्स शीट से निर्मित एक मकान को ई-पंजीयन क्रमांक IN - CG59443694156472W पंजीकृत बिक्री विलेख क्रमांक CG-2024- 25-194-1-342 दिनांक 11.10.2024 को रूपये 3,25,000/- शब्दों में (तीन लाख पच्चीस हजार रूपये) में क्रय करने के पश्चात आवेदिका श्रीमती नीलम ओस्तवाल पति जितेन्द्र कुमार ओस्तवाल उम्र 45 वर्ष जाति कायस्थ निवासी मेन रोड मरारपारा कोण्डागांव, तहसील व जिला कोण्डागांव (छ.ग.) के द्वारा भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 110 के तहत उक्त क्रयशुदा भूमि पर विक्रेतागण का नाम विलोपित कर आवेदिका स्वयं का नाम दर्ज करवाने हेतु तलवाना, नक्शा खसरा एवं बिक्री विलेख की छायाप्रति सहित इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा या आपत्ति करना हो तो वे दिनांक 28.11.2024 तक अपना दावा आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालय समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है । समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14.11.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

नजूल अधिकारी
जिला कोण्डागांव (छ.ग.)

## पेज 7 के शेष...

### झीरम हमले में...

वेंकन्ना उर्फ गोपन्ना की बहन है। जिस पर सरकार ने 20 लाख का ईनाम घोषित कर रखा था। भाइयों के मौत के बाद वर्ष 1994 में माओवादियों की पीपुल्स वार ग्रुप नरंसपेटा दल में वह शामिल हुई थी। सगंठन में रहने के दौरान वह दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी की एरिया सचिव व मेडिकल टीम प्रभारी के अलावा दरभा डिविजनल कमेटी के सदस्य के रूप में भी कार्य कर चुकी है।

**तीन राज्य की वाटेंड इन घटनाओं में थी शामिल-** कोडी मंजुला तेलंगाना, महाराष्ट्र व छग में कई नक्सल घटनाओं में शामिल थी। वह वर्ष 2013 में दरभा डिवीजन के झीरम घाटी इलाके में हुई घटना में शामिल थी जहां अन्य साथियों के साथ किए गह हमलों में माओवादियों ने 27 जवानों की हत्या कर दी थी। इसके अलावा चित्याला नरसंपेटा, एथुरुनगरम और नेकोंडा पुलिस स्टेशनों में पुलिसकर्मियों पर गोलीबारी की घटना में वह शामिल थी। वह वर्ष 2021 में कोविड से संक्रमित होने के साथ ही विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थी। समर्पण के दौरान उसने कहा कि वह तेलंगाना सरकार द्वारा दी जाने वाली पुनर्वास योजनाओं के माध्यम से अपने परिवार के सदस्यों के साथ शांतिपूर्ण वातावरण में रहना चाहती है। समर्पण के दौरान पुलिस आयुक्त ने तेलगांना सरकार द्वारा घोषित 20 लाख रुपए का चेक उसे सौंपा।

### गीदम के वार्ड...

भीड़ उमड़ने लगी। इसकी सूचना स्थानीय प्रशासन को दी गई। मौके पर गीदम तहसीलदार व जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी व नगर पंचायत की टीम पहुँची और स्थल की जांच करनी शुरू की। बताया जा रहा है कि इन घरों के पास में ही स्थित एचपी पेट्रोल पम्प में पेट्रोल टंकी से पेट्रोल रिसाव हुआ है जो कुएं तक पहुँचा । वही जिस पेट्रोल पम्प के टैंक से पेट्रोल का रिसाव हुआ है, वहां का टैंक लगभग पूरी तरह खाली होना भी बताया जा रहा है। प्रशासनिक अमले ने बुधवार शाम मौके से शहर के एचपी पेट्रोल पंप को बंद करवाया। जिन घर के कुओं से पेट्रोल निकला, वहां आसपास के इलाके को बेरिकेडिंग कराकर सुरक्षा की दृष्टि से फायर ब्रिगेड भी खड़ी कराई गई। पंप संचालक ने कुछ दिन पहले चोरी की लिखाई थी रिपोर्ट- बताया जा रहा है कि एचपी पेट्रोल पंप के संचालक ने कुछ दिन पहले ही पेट्रोल चोरी की सूचना गीदम थाने में दी थी। ऐसे में आशंका जताई जा रही ही पिछले कुछ दिनों से लगातार पेट्रोल का रिसाव हो रहा था जिसका पता बुधवार शाम को चला। हालांकि अब तक कितने लीटर पेट्रोल का रिसाव हुआ है इसकी जानकारी अभी नही मिल पाई है। बताया जा रहा है कि गुरुवार को रायपुर से जांच टीम आकर इस मामले की पूरी जांच और आगे की कार्रवाई करेगी।

### फुटबॉलर की कोहनी ...

मिलने के बाद मरीज़ के आने से पहले ही मुस्तैद हो गए। मरीज़ के पहुंचते ही डॉ. संजय प्रसाद ने उसका उपचार शुरू कर दिया। उसी दौरान एक और 9 वर्षीय घायल बच्ची हेमलता को भी अस्पताल लाया गया। हेमलता की ऊंगली दरवाज़े में दब जाने के कारण ऊंगली की हड्डी फ्रेक्चर हो गई थी। डॉ. प्रसाद ने उसका भी उपचार तुरंत किया। अपने कर्तव्य के प्रति सजगता दिखाने और तुरंत इलाज मिलने पर मरीज़ के परिवार के लोगों ने स्वास्थ्य विभाग और डॉक्टर के प्रति आभार व्यक्त किया।

### बच्चों की प्रस्तुति...

बच्चों को शिक्षा प्रदान किया जा रहा है। संस्थान में 10 बालबाड़ी संचालित हो रही है। बाल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में छोटे छोटे बच्चों ने आकर्षक व शानदार प्रस्तुति दी है। सभी बच्चों की उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं, संस्था को सही ढंग से संचालित करने के लिए शासन स्तर पर चर्चा कर सार्थक प्रयास किया जायेगा। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष केएम नायडू,विद्याशरण तिवारी, मनोहर तिवारी,नगर मंडल अध्यक्ष सुरेश गुप्ता,बीईओ मानसिंह भारद्वाज, अखिलेश मिश्रा, सचिव अंजूम खान एवं संस्था के शिक्षक उपस्थित थे।

### स्टील परिवहन में...

स्टील लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक और नगरनार संयंत्र के प्रमुख, के प्रवीण कुमार, तन्मय मुखोपाध्याय के साथ कमीशन किया गया था। वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक और शिवानंद प्रसाद, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता के उपस्थिति में श्रीगणेश किया गया। इस अवसर पर वाल्टेयर रेल डिवीजन और एनएमडीसी स्टील लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। डीआरएम सौरभ प्रसाद ने कहा, एनएमडीसी स्टील लिमिटेड के लिए प्रमुख लॉजिस्टिक्स प्रदाता के रूप में वाल्टेयर डिवीजन ने तेजी से टर्नअराउंड के माध्यम से गतिशीलता में सुधार करने के लिए इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन पर मालगाड़ियों को नगरनार संयंत्र से निर्बाध रूप से लाने और ले जाने का निरंतर प्रयास किया है। इससे नगरनार स्टील प्लांट में उत्पादन बढ़ाने के लिए रेलवे द्वारा कच्चे माल और तैयार माल की अधिक रेक चलाने को भी बढ़ावा मिलेगा। नगरनार स्टील प्लांट ने पिछले साल अक्टूबर-2023 में परिचालन शुरू किया था। उक्त जानकारी वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के संदीप ने दी।

**आमागुड़ा-आंबागांव के बीच बढ़ेगी रेल कनेक्टिविटी-** प्लांट के लिए अमागुड़ा-अंबागांव से रेल कनेक्टिविटी में सुधार और नगरनार में रेलवे क्रू और ट्रेन सुरक्षा परीक्षकों को बढ़ाने की भी योजना बनाई गई है। ताकि स्टील कॉइल उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए जगदलपुर क्षेत्र में संचालन और रसद को सुव्यवस्थित किया जा सके।

### हनुमान चालीसा पाठ...

प्रतियोगिता सम्पन्न होगी। 17 टीमों का पंजीयन हो चुका है। बैठक में मुख्य रूप से रंजीत पांडेय, विजय भारत, एचबी सिंग, जी पी यादव, सुशांत भद्र, रमेश कुमार पाढी, निर्मल यादव, विकास साहू, मनोज चंद्रा देवेंद्र देवांगन, गणेश दहिया, अंजलि मिश्रा, लक्ष्मी मण्डल राधा ठाकुर, श्रीमती घासनीन साहू रहे।
















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## बच्चों ने दी रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति




भोंड। आज बाल दिवस के अवसर पर माध्यमिक शाला भुरसुंडी में बाल दिवस के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूली छात्राओं के द्वारा स्थानीय गीतों के माध्यम से एवं नृत्य करते हुए बच्चों का मनोरंजन किया। संस्था प्रभारी रश्मि नेताम के द्वारा पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवनी के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि पं. नेहरू को बच्चे बहुत पसंद थे इसलिए हम सभी आज उनके जन्म दिवस के अवसर को बाल दिवस के रूप में मनाते हैं। कक्षा आठवीं के छात्र कमलेश का भी जन्मदिन 14 नवंबर को होने के कारण बच्चों ने चाचा नेहरू के जन्मदिन के साथ-साथ कमलेश का जन्मदिन भी उत्साह पूर्ण वातावरण में मनाया। शिक्षकों के द्वारा स्कूली बच्चों को मिष्ठान भी वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था प्रभारी रश्मि नेताम, हेमलता कश्यप, शिक्षक शैलेंद्र तिवारी, भूतेश्वर पांडे, राजेश्वरी ध्रुव, लोकेश रावटे, सतीश श्रीवास्तव, पीलूराम नाग, मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# 88 ग्रापं के 5045 खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

प्रदेश सरकार की पहल पर बस्तर संभाग में बस्तर ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। जिसके माध्यम से बस्तर के युवाओं को मुख्य धारा से जोड़ने सहित उनकी खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजन किया जा रहा है। ब्लॉक मुख्यालय बस्तर के लाल बहादुर शास्त्री खेल मैदान में पांच दिवसीय बस्तर ओलंपिक खेल का समापन किया गया।




विकासखंड स्तरीय खेल में 88 ग्राम पंचायत के 8 जोन के 5045 विभिन्न खेलों में प्रतिभागियों ने पंजीयन करवा कर खेल में भाग लिए। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप ने बस्तर ओलंपिक में सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए बस्तर ओलंपिक खेल के माध्यम से बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। शिक्षा के साथ-साथ खेलों का भी विशेष महत्व है। शारीरिक बौद्धिक,मानसिक विकास होता है। खेल में हार जीत कोई मायने नहीं रखती है,बल्कि हारने वाले को भविष्य में जितने की प्रेरणा मिलती है। आप सभी जिला स्तर पर अपना ब्लॉक का नाम रोशन करें। कार्यक्रम को जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप, जनपद अध्यक्ष टिकेश्वरी मंडावी, जनपद उपाध्यक्ष मोहन मौर्य, उदबोराम नाग, रामानंद मिश्रा, शालीना सेमसन ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को मुख्यअथिति व जनप्रतिनिधियों ने मोमेंटो, गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल, काँस्य मेडल व प्रमाण पत्र देकर प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने पहुंचे सभी खिलाड़ियों को टी-शर्ट दिया गया। 8 जोन में से बेसोली जोन ऑल ओवर चेम्पीयन रहा। प्रतियोगिता में बैडमिंटन, कबड्डी, तीरंदाजी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, एथलेटिक्स, रस्सा खींच, दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, सहित विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को जिला स्तर पर होने वाले बस्तर ओलंपिक में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम में बस्तर एसडीएम एआर राणा, जनपद सीईओ भानुप्रताप चुरेंद्र, एबीओ सुशील तिवारी सहित प्राचार्य, संकुल समन्वयक, शिक्षक, पीटीआई मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में जनपद सीईओ भानुप्रताप चुरेंद्र ने बस्तर ओलंपिक में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सभी अधिकारी-कर्मचारियों को आभार व्यक्त किया।

# एशियन थाईबॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए 9 खिलाड़ियों का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज : दंतेवाड़ा



छत्तीसगढ़ थाईबॉक्सिंग एसोसिएशन ने राज्य के 9 खिलाड़ियों का चयन आगामी एशियन थाईबॉक्सिंग चैंपियनशिप 2024 में भाग लेने के लिए किया है। यह चैंपियनशिप 15 से 17 नवंबर तक गोवा के पेडम इंडोर स्टेडियम के बॉक्सिंग हॉल में आयोजित की जाएगी, जिसमें एशिया के कई प्रतिभाशाली एथलीट भाग लेंगे। इसमें दंतेवाड़ा जिले से भी 5 खिलाड़ी संदीप साह सीनियर वर्ग 70 किग्रा, आनंद ठाकुर सब जूनियर 45 किग्रा, पुष्पा नायक जूनियर 46 किग्रा,भावना निषाद सीनियर 40 किग्रा, नूपुर ठाकुर जूनियर 51.7 किग्रा,निरांजलि सोनी जूनियर 55 किग्रा शामिल हैं। इससे पहले भी इन सभी खिलाड़ियों ने नेपाल काठमांडू में आयोजित साऊथ एशियन चैंपियनशिप 2023 में भाग लिया था, जिसमें 4 खिलाड़ियों ने गोल्ड तथा 1 सिल्वर मैडल लेकर जीत दर्ज की थी। इन खिलाड़ियों का चयन थाईबॉक्सिंग इंडिया नेशनल चैंपियनशिप में उनके बेहतरीन प्रदर्शन और थाईबॉक्सिंग इंडिया फेडरेशन के दिशानिर्देशों के आधार पर किया गया है। छत्तीसगढ़ थाईबॉक्सिंग एसोसिएशन ने इन खिलाड़ियों की मेहनत और समर्पण की सराहना की है और उन्हें चैंपियनशिप के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

चैंपियनशिप में जाने से पूर्व सभी प्रतिभागी दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी से मिले एवं उनका आशीर्वाद प्राप्त किया, अटामी के द्वारा सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी गई एवं अच्छे प्रदर्शन हेतु प्रोत्साहित किया गया, साथ ही किसी भी प्रकार की आवश्यकता पड़ने पर जानकारी देने को कहा।






## बाल दिवस पर आनंद मेला




हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोकापाल

बाल दिवस पर आनंद मेला का आयोजन किया गया। बस्तर अपने मेला के लिए विशेष तौर पर जाना जाता है। मंडई या इसे हरिक उदुम मंडई भी कह सकते हैं। शब्द चाहे जो भी हो भाव और इसका अर्थ आनंद से है। बाल दिवस अर्थात बच्चों का दिन, बच्चे खेलकूद में भरपूर आनंद लें एवं खेल के साथ-साथ बहुत सारी सीख मिल सकती है। इसी बात को ध्यान में रखकर आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तोकापाल के शिक्षक शिक्षिकाओं एवं विद्यालय के चुने गए विद्यार्थियों के बीच प्राचार्य विधु शेखर झा एवं उप प्राचार्य इरम रहीम ने बैठक लेकर सभी के विचार जानने के पश्चात निर्णय लिया कि बाल दिवस को हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाए ।बच्चे आनंद के साथ साथ खेल-खेल में कारोबार करना, मार्केटिंग ,व्यवसाय को कैसे लाभ पूर्ण बनाया जा सकता है इसे सीखें। इस उद्देश्य से विद्यार्थियों के उनकी इच्छा, क्षमता एवं रुचि के अनुसार अलग-अलग व्यंजन बनाने एवं आकर्षक स्टॉल लगाया गया, कुल 16 स्टाल लगाया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के व्यंजन विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों के सहयोग से लगाया गया। प्रातः 8:30 बजे से ही सभी विद्यार्थियों में उत्साह देखा गया विद्यार्थी अलग-अलग स्टाल में जाते अपने रुचि के अनुसार क्रय कर खाने पीने की चीजों का आनंद लेने लगे। अभिभावकों के साथ शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी इन सभी स्टाल का आनंद लिया।

इस फन फेयर को सभी लोगों ने बहुत ही आनंददायक बताया। इसे आयोजित करने में संस्था के प्राचार्य विधु शेखर झा उप प्राचार्य इरम रहीम एवं शिक्षक शिक्षिकाएं एवं स्टाफ स्वाति लवंग, राजीव सिंह ठाकुर, सरिता यादव, सोनाक्षी मजूमदार, श्रीदेवी सिंह, नीलम भास्कर, रुपिंदर कौर, अर्पणा सिंह, लता जोशी, प्रीति साइमन,अपर्णा मिगलानी, काजल यादव, पंकज मूर्ति, नीता शुक्ला, ज्योत्सना कश्यप ,इंद्र राज सोनवानी, तनय घोष, मानसी बघेल,मोहनीश पांडे, महेश सोनी, लेसिना देवांगन, जयदेव बघेल एवं कुंती बघेल ने अपना योगदान दिया।

## भगवान बिरसा मुंडा की जयंती जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनेगा आज

**जगदलपुर।** 15 नवम्बर को भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिवस के अवसर पर जनजाति गौरव समाज जिला बस्तर के द्वारा गौरव दिवस मनाया जाना सुनिश्चित किया गया है। भगवान बिरसा मुंडा न केवल जनजाति समुदाय के लोगों के नायक थे अपितु संपूर्ण भारत के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भी थे। इस कार्यक्रम को भव्य रूप से मनाने मीडिया को भी आमंत्रित किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के वनमंत्री केदार कश्यप,एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता पूज्य स्वामी ब्रह्म अवधूत वासुदेव बाबा आलेख महिमा संप्रदाय मुख्य वक्ता डॉ. आशुतोष मंडावी प्रोफेसर कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय रायपुर शासकीय पीजी कॉलेज ग्राउंड धरमपुरा में दोपहर 12 बजे से होगा।



## बच्चों को गरम कपड़े दे कर बाल दिवस मनाया



भोंड। विकासखण्ड बस्तर के अंतर्गत प्राथमिक शाला माझीगुड़ा में 14 नवम्बर को बाल दिवस मनाया गया, जिसमें गायत्री परिवार के सक्रिय सदस्य जितेंद्र कुमार सोरी के तरफ से बच्चों को स्वेटर दिया गया और बच्चों के चेहरे में खुशी देखते ही बन रही थी। इस मौके पर देवलाल सोनवंशी, मोहन यादव, उमा कश्यप, सुबर्धन कश्यप एवं शाला के शिक्षक नारायणलाल साहू व शिक्षिका दानेश्वरी उपस्थित रही।

**न्यायालय नायब तहसीलदार दरभा, जिला बस्तर (छ.ग.)**

ई-कोर्ट 20241152800007
रा.प्र.क्र/ब-121/2023-24

**// ईस्तहार //**

एतद द्वारा सर्व साधारण ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय नायब तहसीलदार दरभा के रा.प्रकरण क्रमांक/ई कोर्ट क्रमांक/ 20241152800007/ 2023-24 आवेदक सुखलाल पोयाम पिता स्व. जोगा पोयाम उम्र 21 वर्ष, जाति माड़िया निवासी ग्राम काटाकान्दा, तहसील दरभा द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है उनके दादा गुडडी पिता स्व. देवा का मृत्यु दिनांक 07.08.1991 को ग्राम काटाकान्दा तहसील दरभा में होने के उपरान्त विहित अवधि में मृत्यु का पंजीयन भूलवश नहीं कराया जा सका था। आवेदक के द्वारा आवेदन के साथ-साथ शपथ पत्र एवं पंजीयन जन्म-मृत्यु ग्राम पंचायत काटाकान्दा से जारी अनुपलब्धता प्रमाण पत्र संलग्न किया गया है।

अतः इस संबंध में ग्रामवासियों को जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो तो न्यायालय के नियत तिथि 27/11/2024 के पूर्व आवेदन प्रस्तुत कर सकते है मियाद पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह हस्ताक्षर आज दिनांक 13/11/2024 को मेरी हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया ।

मुहर

तहसीलदार
दरभा




# विधायक ने पल्ली केंद्र में पूजा-अर्चना कर धान खरीदी का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



जिले के जगदलपुर विकासखण्ड अंतर्गत पल्ली धान उपार्जन केंद्र में स्थानीय विधायक किरणदेव के द्वारा पूजा-अर्चना कर खरीदी का शुभारंभ किया गया। साथ ही धान विक्रय करने आए अन्नदाता किसानों का फूलमाला से स्वागत किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि सहित कृषक व गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे। इस दौरान विधायक किरणदेव ने खरीदी केन्द्र में कृषकों के लिए विभिन्न सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। गुरुवार को पूरे प्रदेश में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में घोषित धान के समर्थन मूल्य रुपए 2300 मोटा धान और रुपए 2320 पतला धान के अनुसार छत्तीसगढ़ में 14 नवम्बर से धान खरीदी प्रारंभ हुआ है। जिले में कुल 79 उपार्जन केंद्रों में पंजीकृत कृषकों से धान खरीदी किया जाना है। इस वर्ष लघु एवं सीमांत कृषकों को दो टोकन और बड़े कृषकों को तीन टोकन का प्रावधान है। टोकन ऑफलाइन एवं ऑनलाइन दोनों माध्यम से किसानों को प्रदान किया जा रहा है। कृषक ऐप टोकन तुँहर हाथ के मध्यम से भी कृषक स्वयं टोकन जारी कर सकते हैं ।सभी उपार्जन केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक कांटा, मॉइस्चर मीटर, बॉयोमेट्रिक डिवाइस उपलब्ध है। सभी केंद्रों में नये और पुराने बारदानों की पूरी व्यवस्था की गई है। कृषकों की सुविधा हेतु सभी उपार्जन केंद्रों में छाया और पेयजल, शौचालय तथा बैठक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उपार्जन केंद्रों में स्थानीय निगरानी समिति स्थापित है जो कृषकों की समस्या का निराकरण करेगी। गुरुवार को जिले के 42 उपार्जन केंद्रों में विधिवत रूप से 46 कृषकों का सम्मान के साथ धान खरीदी प्रारंभ की गई। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष बायोमेट्रिक सत्यापन के द्वारा धान खरीदी किया जाना है,अपरिहार्य स्थिति हेतु ट्रस्टेड पर्सन की नियुक्ति भी की गई है।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने किया 3 धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण



**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस जगदलपुर विकासखंड के दो उपार्जन केंद्र मंगडु कचोरा, बुरुदवाडा सेमरा और बकावण्ड विकासखंड के एक खरीदी केंद्र छोटे देवड़ा का औचक निरीक्षण किए। इस दौरान कलेक्टर ने धान बेचने और टोकन कटवाने पहुँचे किसानों से फसल की पैदावार, गतवर्ष कितना धान का विक्रय किए के संबंध में चर्चा किए। उन्होंने नए-पुराने बारदाना की उपलब्धता, बारदाना की गुणवत्ता सहित माइश्चर मापक यंत्र, इलेक्ट्रानिक कांटा, विद्युत व्यवस्था, चैकीदार की व्यवस्था, सतत निगरानी हेतु सीसीटीवी की व्यवस्था का जायजा लिया। इसके अलावा चेक लिस्ट के आधार संबंधित केंद्र के अधिकारियों से सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान टोकन कटवाने पहुँचे किसान का ऑनलाइन टोकन कटवाने की कार्यवाही करवाकर टोकन भी प्रदान किए। खरीदी केंद्र में उपलब्ध बारदाना का भी उन्होंने अवलोकन किया। साथ ही किसानों द्वारा लाए धान की माइश्चर की भी अपने समक्ष जांच भी करवाई और बोरा में भरे धान की इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन में माप करवाई। इस अवसर पर खाद्य अधिकारी राठौर, सीसीबी के रजा, डीएमओ ध्रुव उपस्थित थे।

### एनएसयूआई ने पं. नेहरू का जन्म दिवस मनाया



**जगदलपुर।** जवाहर लाल नेहरू का जन्मदिन एनएसयूआई के जिला महासचिव लोकेश चौधरी के नेतृव में किया गया। बस्तर की पुरानी धरोहर मोतीलाल नेहरू छात्रावास में आयोजित कार्यक्रम में जवाहरलाल नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित कर बनाई गई। नेहरू का जन्मदिन छात्रावास में मनाने का मुख्य उद्देश्य भाजपा सरकार पूर्वजो के नाम की संपत्ति का भी रख रखाव नही कर पा रही। छात्रावास मुख्य रूप से बाहर से आये छात्रों के लिए बनाया गया था जहाँ छात्रों को छत मिल सके और वो पढ़ाई कर सके परंतु नेहरू के प्यारे बच्चे आज भी अभाव में रहने के लिए विवश है। नेहरू के जन्मदिन पर उन्हें याद किया गया और बच्चों के संग उनकी कुछ बातों पर प्रकाश डाला गया। नेहरू के जन्मदिन पर उन्हें याद किया गया और बच्चों के संग उनकी कुछ बातों पर प्रकाश डाला गया। युवा काँग्रेस व पूर्व जिला कार्यकारी अध्यक्ष अंकित सिंह ने छात्रों के साथ नेहरू जी के बारे में जानकारी साझा की और प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में नेहरू के स्वर्णिम कार्यकाल की महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। इस दौरान आशय अग्रवाल,दुशाल काले,हर्षवर्धन शर्मा,अनस अली,अंसा यादव,ओमप्रकाश अन्य साथी उपास्थि थे।

### टीकाकरण की गुणवत्ता में सुधार पर हुई कार्यशाला



**जगदलपुर।** बस्तर जिले में नियमित टीकाकरण की गुणवत्ता के सुधार हेतु डब्ल्यूएचओ द्वारा हॉटल में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सभी पात्र बच्चे जिन्हे टीकाकरण किया जाना है को सही समय और सही जगह पर सभी टीके पूर्ण गुणवत्ता के साथ लगाये जाने के संबंध में आयोजित कार्यशाला में एसएमओ (डब्ल्यूएचओ) डां. मिनल इंदुरकर द्वारा सभी आवश्यक पहलुओं पर प्रकाश डालते हुये पूरे जिले भर से आए बीएमओ, बीपीएम, बीटीइओ सेक्टर प्रभारी, डीडीएम आरएमएनसीएच सलाहाकार, डीपीएचएनओ को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यालय में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक, डॉ. रीना (डीपीएम) जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी. मैत्री, नोडल अधिकारी डॉ. विरेन्द्र ठाकुर और नोडल अधिकारी श्रेयांश जैन शामिल रहे।

### कमिश्नर ने धान खरीदी का लिया जायजा



**जगदलपुर।** कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह ने गुरुवार को बस्तर जिले के तोकापाल धान खरीदी केन्द्र में धान खरीदी का शुभारंभ कर अन्नदाता कृषकों को बधाई दी। उन्होंने धान विक्रय करने आए राजूर निवासी कृषक मोहन यादव को फूलमाला पहनाकर एवं श्रीफल भेंटकर स्वागत कर खेती-किसानी के बारे में चर्चा की। वहीं धान खरीदी केन्द्र में किसानों के लिए मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए।
इस दौरान कमिश्नर ने नमी मापक यंत्र से धान में आद्रता का जांच करवाकर देखा और निर्धारित आद्रता वाले धान की खरीदी किए जाने कहा। ज्ञात हो कि पूरे प्रदेश में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में घोषित धान के समर्थन मूल्य के तहत मोटा धान 2300 रुपए और पतला धान 2320 रुपए प्रति क्विंटल के अनुसार 14 नवम्बर से धान खरीदी प्रारंभ किया गया है।

### जनजाति गौरव दिवस का आयोजन आज

**बीजापुर।** शासन के निर्देशानुसार जनजाति गौरव दिवस का एक दिवसीय आयोजन मिनी स्टेडियम बीजापुर में होगा। जिसके मुख्य अतिथि बस्तर सांसद महेश कश्यप होंगे। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जमुई, बिहार से जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का प्रसारण होगा। जनजाति गौरव दिवस के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रमों का आयोजन होगा जिसमें जनजाति संस्कृति, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित विभागीय योजनाओं की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। कलेक्टर संबित मिश्रा ने जनजाति गौरव दिवस के गरिमामय आयोजन के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए है।

### ब्लॉक स्तरीय स्पर्धा का अवलोकन कर खिलाड़ियों का बढ़ाया मनोबल



**जगदलपुर।** कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह ने तोकापाल भ्रमण के दौरान ब्लॉक मुख्यालय में आयोजित विकासखण्ड स्तरीय स्पर्धा का अवलोकन किया। इस मौके पर उन्होंने सीनियर वर्ग महिला कबड्डी के तहत रायकोट एवं तोकापाल के मध्य फायनल मैच के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और टॉस करवा कर स्पर्धा शुरू करवाया। साथ ही इन खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। वहीं खिलाड़ियों के लिए भोजन व्यवस्था एवं चिकित्सा व्यवस्था का भी अवलोकन कर आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान सीईओ जनपद पंचायत बिरेन्द्र बहादुर, सहायक खाद्य अधिकारी श्रीमती दिव्या रानी, बीईओ पूनम सलाम सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।


## कार्यालय निर्वाचन अधिकारी, बस्तर जिला पत्रकार संघ, जगदलपुर, जिला बस्तर (छ.ग )

पंजियन क्रं. 9624/80 — **चुनाव कार्यक्रम की अधिसूचना** — दिनांक 13.11.2024

प्रति,
सम्मानीय समस्त सदस्यगण,
बस्तर जिला पत्रकार संघ, जगदलपुर ।

प्रिय महोदय,
बस्तर जिला पत्रकार संघ के पदाधिकारियों / कार्यकारिणी सदस्यों का कार्यकाल पूर्ण हो गया है। वार्षिक चुनाव वर्ष 2025- 27 के लिये पदाधिकारियों का चुनाव किया जाना है। मुझे चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है इसलिए मेरे हस्ताक्षर से अधिसूचना जारी किया जाता है।

**चुनाव कार्यक्रम :-**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन | 15 नवंबर 2024 अपरान्ह 4 बजे |
| 2 | मतदाता सूची पर दावा आपत्ति प्रस्तुत करने की तिथि | 16 नवंबर 2024 से 20 नवंबर 2024 तक अपरान्ह 4 बजे से संध्या 5 बजे तक |
| 3 | अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन | 21 नवंबर 2024 अपरान्ह 4 बजे |
| 4 | नामांकन पत्र एवं मतदाता सूची प्राप्त करने की तिथि | 22 नवंबर 2024 को 4 बजे से 6 बजे तक<br>25 नवंबर 2024 को 4 बजे से 5 बजे तक |
| 5 | नामांकन पत्रों की प्रस्तुति करने की अंतिम तिथि | 23 नवंबर 2024 को 4 बजे से 6 बजे तक<br>25 नवंबर 2024 को 4 से 6 बजे तक |
| 6 | नामांकन पत्रों की जांच एवं वैध नामांकनों की घोषणा | 26 नवंबर 2024 को 4 से 6 बजे तक |
| 7 | नाम वापस लेने की अंतिम तिथि | 27 नवंबर 2024 को 3 से 5 बजे तक |
| 8 | प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन | 27 नवंबर 2024 संध्या 5 बजे |
| 9 | प्रत्याशियों की चुनाव चिन्ह का वितरण | 27 नवंबर 2024 को 5 बजे से वितरण तक |
| 10 | यदि आवश्यक हुआ तो चुनाव मतदान | 15 दिसंबर 2024 प्रातः 10 बजे से संध्या 3 बजे तक |
| 11 | मतगणना | 15 दिसंबर 2024 संध्या 5 बजे से निरंतर मतगणना समाप्ति तक |
| 12 | परिणामों की घोषणा | मसगणना समाप्ति के पश्चात |
| 13 | चुनाव स्थल | बस्तर जिला पत्रकार संघ, जगदलपुर |

चुनाव निम्न पदों हेतु होगा

1. अध्यक्ष - 01 पद
2. उपाध्यक्ष (वरिष्ठ) - 01 पद
3. उपाध्यक्ष (कनिष्ठ) - 01 पद
4. सचिव - 01 पद
5. सहसचिव (वरिष्ठ) - 01 पद
6. सहसचिव (कनिष्ठ) - 01 पद
7. कोषाध्यक्ष - 01 पद

अनिवार्यता:-
1. नामांकन पत्र शुल्क 500/- रुपए मतदाता सूची शुल्क 200/- रुपए एंव नियमावली 300/- रू
2. चुनाव में भाग लेने व वोट देने का अधिकार उन्ही सदस्यों को होगा जो कार्यकारिणी बैठक में स्वीकृति की गई है।
3. चुनाव मे मतदान का अधिकार उन्हीं सदस्यों को होगा, जिनके पास सदस्यता परिचय पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड या मतदाता परिचय पत्र होगा। उन्हे वार्षिक चुनाव 2025-27 जो चुनाव अधिकारी के द्वारा मांग किए जाने पर मतदान के समय दिखाना होगा ।
4. अमानत राशि अध्यक्ष, 5100 /- रुपए, सचिव एवं कोषाध्यक्ष 3100/- रुपए तथा उपाध्यक्ष एवं सहसचिव पद हेतु 2100/- रुपए प्रति पद प्रति उम्मीदवार निर्धारित किया गया है तथा अमानत राशि वापसी योग्य नही है।
5. सभी प्रत्याशीयो को अदेयता प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रस्तुत करना आवश्यक है ।
6. पैनल में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को नामांकन भरते समय ही सभी उम्मीदवारों के संयुक्त हस्ताक्षर कर पैनल की सूचना चुनाव अधिकारी को देनी होगी अन्यथा वह एकल उम्मीदवार माना जाएगा।

हार्दिक शुभकामनाओं के सहित !

स्थान- जगदलपुर, तारीख- 13.11.2024

नोट- दिनांक 16 से 27 नवंबर तक चुनाव संबंधित सभी कार्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय गीदम रोड, जगदलपुर में संपादित की जाएगी, केवल मतदान एवं मतगणना बस्तर जिला पत्रकार संघ कार्यालय नयापारा में संपन्न होगी।

(संतोष मिश्रा)
चुनाव अधिकारी, बस्तर जिला पत्रकार संघ जगदलपुर



# एजेन्सी देना है...

**हरिभूमि** समाचार पत्र सुकमा जिला के अंतर्गत **सुकमा** में एजेंसी (ब्यूरो) देना है।

समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता। सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।

**हरिभूमि कार्यालय, जगदलपुर**
पुनम हॉटल, प्रतापगंज पारा, जगदलपुर
मो. 0778-2314471

**हरिभूमि कार्यालय, रायपुर**
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
0771-4242241











